>

Title : Need to upgrade and bring Madan Mohan Malviya Engineering College in Gorakhpur, Uttar Pradesh at par with I.I.T.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): गोरखपुर उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख महानगर है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार तथा नेपाल के तराई की 5 करोड़ से ऊपर आबादी अपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं रोजगार के लिए गोरखपुर पर निर्भर रहती है। इस 5करोड़ आबादी के बीच न कोई केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, न केन्द्रीय चिकित्सा संस्थान और न ही कोई आई.आई.टी अथवा आई.आई.एम. ही है, जिसके कारण इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भारी समस्याओं से जूझना पड़ता है। मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोरखपुर उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित एक व्यवस्थित इंजीनियरिंग कॉलेज है। कॉलेज गोरखपुर महानगर से लगे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग 200 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। संसाधनों के अभाव में यह इंजीनियरिंग कॉलेज इस क्षेत्र के विकास में अपना उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा है।

कृपया व्यापक जनहित में मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोरखपुर को आई.आई.टी के समकक्ष विकसित करने का कष्ट करें।